# प्रेस नोट थाना तिलहर

## शाहजहाँपुर पुलिस

**सराहनीय कार्य दिनांक- 02.08.2026**

## नाबालिग बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म के अभियोग में थाना तिलहर पुलिस की त्वरित कार्यवाही, 03 बाल अपचारी अभिरक्षा में लेकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही प्रचलित।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक तिलहर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर मु०अ०सं० 409/2026, धारा 70(2) बीएनएस, धारा 5(जी)/6 पॉक्सो एक्ट एवं धारा 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट से संबंधित 03 बाल अपचारियों को दिनांक 01.08.2026 को समय करीब 23:10 बजे अभिरक्षा में लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

वादिनी द्वारा दिनांक 31.07.2026 को थाना तिलहर पर उपस्थित होकर एक लिखित तहरीर प्रस्तुत की गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि दिनांक 31.07.2026 को 03 बाल अपचारियों द्वारा वादिनी की लगभग 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना कारित की गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना तिलहर पर मु०अ०सं० 409/2026, धारा 70(2) बीएनएस, धारा 5(जी)/6 पॉक्सो एक्ट एवं धारा 3(2)(V) एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की विवेचना श्रीमान क्षेत्राधिकारी तिलहर द्वारा संपादित की जा रही है। विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 01.08.2026 को गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में संलिप्त 03 बाल अपचारियों को चिन्हित कर विधिक प्रावधानों के अनुरूप पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। तत्पश्चात उन्हें थाना तिलहर के बाल मित्र कक्ष में नियमानुसार रखा गया तथा उनके साथ किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप व्यवहार सुनिश्चित किया गया। आवश्यक विवेचनात्मक एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त तीनों बाल अपचारियों को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड, शाहजहाँपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**विवरण अभियोग जिनमें गिरफ्तारी की गयी -**

मु0अ0सं0 409/26 धारा 70(2) बीएनएस व 5(जी)/6 पाक्सो एक्ट व 3(2) V S.C./S.T. ACT थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

**अभिरक्षा मे लेने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 गौरव कुमार (मय सादा वस्त्र) थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
2. का0 2769 जोनी कुमार (मय सादा वस्त्र) थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।
3. रि0 का0 सागर कुमार (मय सादा वस्त्र) थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर ।
4. रि0का0 रोहित कुमार (मय सादा वस्त्र) थाना तिलहर जिला शाहजहाँपुर ।